TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

02 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मैं सही निर्णय लेने में विश्वास नहीं करता मैं निर्णय लेता हूँ फिर उन्हें सही साबित करता हूँ।

रतन टाटा



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar


The change makers

## दिवस विशेष

2 सितंबर


मधु प्रिया

# मौलाना हबीबउर रहमान लुधियानवी की मृत्यु 2 सितम्बर



आजादी के नायक मौलाना हबीबउर रहमान लुधियानवी इनका जन्म 3 जुलाई 1892 को पंजाब के लुधियाना में हुआ। पढ़ाई पूरी करने के बाद हबीब उर रहमान ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ज्वाइन कर लिया। उन्होंने खिलाफत और असहयोग आंदोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उस दौरान जेल भी गए। उन्होंने अपनी जिंदगी के अनमोल 14 साल कैद में बिताए। लेकिन उनका क्रांतिकारी मिजाज नहीं बदला। वे हमेशा बेख़ौफ़ होकर ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ बगावत करते रहे। फिर साल 1929 में जब भगत सिंह ने केंद्रीय असेंबली में बम फेंके. तब कोई भी उनके परिवार के सदस्यों को पनाह देने के लिए आगे नहीं आ रहा था। क्योंकि लोगों को अंग्रेजों द्वारा किए जाने वाले जुल्म का खौफ था। सभी भगत सिंह के घर वालों को अपने घर में पनाह देने से डर रहे थे। ऐसे समय में मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी ने न सिर्फ बहादुरी और इंसानियत का परिचय दिया। उन्होंने भगत सिंह के परिवार के सदस्यों को एक महीने तक अपने घर में जगह दी। इतिहासकारों के मुताबिक, एक बार मौलाना ने नेताजी सुभाष चंद्रा बोस की भी अपने घर पर ठहराया था। ब्रिटिश ऑफिसरों ने 'फूट डालो राज करो' की नीति अपनाते हुए लुधियाना की घास मंडी चौक पर हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग अलग पानी के घड़े रखवाए, उन्होंने अंग्रेजों की इस नापाक चाल को नाकामयाब बना दिया। उन्होंने एक पर्चा बंटवाया। 'सबका पानी एक है'. उन्होंने हिंदू-मुसलमान के लिए अलग-अलग रखे गए घड़े को अपने साथियों के साथ तोड़ दिया। नतीजतन, ब्रिटिश सरकार को 'सबका पानी एक है' का संदेश देते हुए देश भर के सभी रेलवे स्टेशनों पर एक समान घड़ा लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन उनकी इस गतिविधि के चलते उन्हें और उनके 50 साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अगले साल 1931 में पूरे देश में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ क्रांति तेज हो गई थी। इस बीच शाही जामा मस्जिद के पास लगभग 300 अंग्रेज़ी अफसरों और पुलिस बल की मौजूदगी में मौलाना ने भारतीय ध्वज तिरंगा फहराया था। उनके इस साहस को देखने के बाद अंग्रेजों के पसीने छूट गए थे। सभी अफसर उन्हें रोकने में नाकाम रहे थे। जिसके बाद उन्हें फिर से गिरफ़्तार किया गया था. एक साल तक वो जेल के सलाखों के पीछे रहे। बावजूद उनके तेवर कम नहीं हुए। उन्होंने अपने जीते जी देश को आजाद होते देखा। वे देश के बंटवारे के खिलाफ थे। जब 1947 में विभाजन हुआ। तब देश में साम्प्रदायिक दंगे शुरू हो गए। उन्होंने माहौल को देखते हुए लुधियाना छोड़ दिल्ली के शरणार्थी शिविरों में पनाह ले ली। उन्हें लोग पाकिस्तान जाने की सलाह देने लगे। लेकिन उन्होंने भारत में ही रहने का फैसला कर लिया था। इतिहासकारों के अनुसार, मौलाना हबीब उर रहमान के गांधी जी और जवाहरलाल नेहरु से काफी करीबी संबध थे। गांधी जी उसी समय ऐलान करते हुए कहे थे कि जब देश में मौलाना हबीब उर रहमान जैसे राष्ट्रवादी मुसलमान महफूज नहीं हैं। तो मैं मरणव्रत का ऐलान करता हूं। या तो मैं अपनी जान दे दूंगा या फिर देश में खून खराबा बंद हो जाएगा। बताया जाता है कि गांधी जी के इस ऐलान के बाद ही देश में दंगे रुक गए थे। 2 सितम्बर 1956 को आजादी के इस सिपाही ने दुनिया को अलविदा कह दिया और जामा मस्जिद के पास के कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक (दफन) हो गए।

# Teachers of Bihar

The change makers

## जन्मदिन विशेष 02 सितंबर




इशांत शर्मा जन्म ( **02** सितंबर **1988** ) एक भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट, एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) और **T-20** में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह दाहिने हाथ से मध्यम तेज गेंदबाजी करते है।



# धातु और अधातु

कक्षा 10




## धातु और अधातु के भौतिक गुणों में अन्तर

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
|---|---|

### कठोरता (Hardness )

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
|---|---|
| धातुएं प्रायः कठोर होती हैं। | अधातुएं प्रायः नरम एवं भंगुर होते हैं। |
| **अपवाद (Exception)** | |
| लीथियम, सोडियम, पोटेशियम और पारा | हीरा |

### आघातवर्धनीयता (Malleability)

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
|---|---|
| धातुएं प्रायः आघातवर्धनीय होते हैं। | अधातूएं आघातवर्धनीय नही होते हैं। |
| **अपवाद (Exception)** | |
| पारा एवं जिंक (कमरे के ताप पर) | |

### चमक (Lustre)

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
|---|---|
| धातुओं में एक विशेष चमक होती है। | अधातुओं में चमक नही होती है। |
| **अपवाद (Exception)** | |
| | आयोडीन और ग्रेफाईट |

www.teachersofbihar.org

# MATH TLM

19 Class-6to8

## महत्तम समापवर्तक (HCF)

### म.स. निकालने की विधि

2. गुणनखंड विधि द्वारा म.स.निकालना

जैसे -32 तथा 56 का म.स.

32 के गुणनखंड हैं -1,2,4,8,16,32

56 के गुणनखंड हैं -1,2,4,7,8,14,28,56

32 तथा 56के उभयनिष्ठ गुणनखंड हैं -1,2,4,8 तथा इनमें सबसे बड़ा 8 है।

अतः 32 तथा 56 का म.स.-8

Anu Priya, Science Teacher

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

**माह: September 2025**

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **06.09.2025** | डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ.आर.एस. बनाने से संबंधित कौशल प्रशिक्षण  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **13.09.2025** | सड़क / रेल दुर्घटना से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **20.09.2025** | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल )  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **27.09.2025** | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org



# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025

## प्रारंभिक विद्यालयों के लिए

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय: 10.00 पू. से 12.00 अप. | द्वितीय पाली<br>समय: 01.00 अप. से 03.00 अ |
| --- | --- | --- |
| 10.09.2025<br>( बुधवार ) | पर्यावरण अध्ययन / सामाजिक विज्ञान<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) | विज्ञान<br>( कक्षा VI -VIII के लिए ) |
| 11.09.2025<br>( गुरुवार ) | हिन्दी ( द्वितीय भाषा / अहिंदी भाषी के लिए )<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) | गणित<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) |
| 12.09.2025<br>( शुक्रवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का समेकन | |
| 13.09.2025<br>( शनिवार ) | हिन्दी / बांग्ला / उर्दू<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) | संस्कृत<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) |
| 14.09.2025<br>( रविवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का समेकन<br>( उर्दू विद्यालयों के लिए ) | |
| 16.09.2025<br>( मंगलवार ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) |  |
| 17.09.2025<br>( बुधवार ) | हिन्दी / उर्दू / बांग्ला<br>( कक्षा I - II के लिए ) | गणित<br>( कक्षा I - II के लिए ) |
| 18.09.2025<br>( गुरुवार ) | अँग्रेजी<br>( कक्षा I - II के लिए ) |  |

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

**TOB**

**खेल कॉर्नर**

# वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के मेडल

| खिलाड़ी | मेडल | इवेंट | साल |
|---|---|---|---|
| प्रकाश पादुकोण | ब्रॉन्ज | मेंस सिंगल्स | 1983 |
| ज्वाला गुट्टा/ अश्विनी पोनप्पा | ब्रॉन्ज | वुमन डबल्स | 2011 |
| पीवी सिंधु | ब्रॉन्ज | वुमन सिंगल्स | 2013 |
| पीवी सिंधु | ब्रॉन्ज | वुमन सिंगल्स | 2014 |
| साइना नेहवाल | सिल्वर | वुमन सिंगल्स | 2015 |
| साइना नेहवाल | ब्रॉन्ज | वुमन सिंगल्स | 2017 |
| पीवी सिंधु | सिल्वर | वुमन सिंगल्स | 2017 |
| पीवी सिंधु | सिल्वर | वुमन सिंगल्स | 2018 |
| पीवी सिंधु | गोल्ड | वुमन सिंगल्स | 2019 |
| बी साई प्रणीत | ब्रॉन्ज | मेस सिंगल्स | 2019 |
| किंदाबी श्रीकांत | सिल्वर | मेंस सिंगल्स | 2021 |
| लक्ष्य सेन | ब्रॉन्ज | मेंस सिंगल्स | 2021 |
| सात्विक साईराज रंकीरेड्डी/ चिराग शेट्टी | ब्रॉन्ज | मेंस डबल्स | 2022 |
| एचएस प्रणय | ब्रॉन्ज | मेंस सिंगल्स | 2023 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 02.09.2025

## सह-संज्ञानात्मक गतिविधियाँ

सह-संज्ञानात्मक गतिविधियाँ वे क्रियाकलाप हैं जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद करती हैं, जिसमें खेल-कूद, संगीत, नृत्य, वाद-विवाद, और सामुदायिक सेवा जैसी पाठ्यचर्या के अलावा अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं। ये गतिविधियाँ छात्रों के व्यक्तिगत कौशल, सामाजिक व्यवहार और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देती हैं।


राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



क्या आप जानते हैं कि International Space Station पर लगे कैमरे इतने पावरफुल हैं कि वे पृथ्वी से हज़ारों किलोमीटर ऊपर से जूम कर आपके पैरों के जूतों का रंग तक देख सकते हैं। इन कैमरों की रिज़ॉल्यूशन इतनी तेज है कि एक छोटी सी कार की नंबर प्लेट तक स्पेस से पढ़ी जा सकती है। यह टेक्नोलॉजी पूरी तरह चौंका देने वाली है।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### मशरूम



मैं vit.D का अच्छा स्रोत हूँ। मुझमें प्रोटीन, डाइटरी फाइबर,vit.B complex (जैसे - नियासीन, राइबोफ्लेविन, थियामिन), सेलेनियम,जिंक, मैग्नीशियम, पोटैशियम आदि भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं

Anu priya

# Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings.

**Hair**



बाल

**Hare**



खरहा



Anupriya

“

वाटिका और वन में एक नहीं,
आराम और रण एक नहीं
वर्षा, अंधड़,आतप अखंड,
पौरुष के है साधन प्रचण्ड।

---


**रामधारी सिंह दिनकर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


सितंबर
2
विश्व नारियल दिवस
'आइए नारियल की
जटा से बने थैलों का उपयोग करें एवं
देश को पॉलिथीन मुक्त बनाने का संकल्प लें'
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


2 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी
दरोगा प्रसाद राय
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
2 सितंबर 1922 -15 अप्रैल 1981
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



अपने जीवन के अंतिम क्षण तक देश और लोगों की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्धता के साथ लड़ते रहने वाले भारतीय स्वतंत्रता सेनानी

## हबीब उर रहमान लुधियानवी

की पुण्यतिथि पर नमन।

जन्म- 3 जुलाई 1892 - मृत्यु- 2 सितंबर 1956

Madhu priya

www.teachersofbihar.org